**T.T. LIMITED**
(CIN: L18101DL1978PLC009241)
879, Master Prithvi Nath Marg, Opp. Ajmal Khan Park, Karol Bagh, New Delhi, 110005,INDIA
0091 11 45060708 | 1800 1035 681 | newdelhi@ttlimited.co.in | www.ttlimited.co.in

10th June 2021

| M/s National Stock Exchange of India Ltd. | Bombay Stock Exchange Limited |
|---|---|
| " Exchange Plaza"<br>Plot No. C/1, G Block<br>Bandra Kurla Complex<br>Bandra (E), Mumbai-400051<br>Ph.: 022-26598100-8114 | Floor 35, P.J.Towers<br>Dalal Street<br>Mumbai-400001<br>Fax-022-22722061/41/39/37 |

Ref: Scrip Code: TTL/ 514142

Sub: Newspaper Advertisement for intimation of Board Meeting.

Dear Sir(s),

Pursuant to Regulation 30 & 47 of Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, we are forwarding herewith copies of Newspaper clippings regarding intimation of Board Meeting of the Company which is scheduled to be held on Wednesday, June 30, 2021 through audio visual means of communication, inter alia, to consider and approve the Audited Financial Results for the 4th Quarter and Financial Year ended March 31, 2021 published on Wednesday, June 9, 2021 in "OPEN SEARCH", in English language and "OPEN SEARCH", in Hindi language.

You are requested to take the above information on record and bring the same to the notice of all concerned.

Thanking You,
Yours Sincerely

For TT Limited


Sumit Jindal
Company Secretary
ACS-24995

TT FABRICS HiFlyers Softy elegance LINGERIE nirdosh 21st CENTURY

## ASHA worker gathering details for vaccination assaulted in UP

**Lucknow, Agency.**

An Asha worker in Gorakhpur was allegedly abused and assaulted when she had gone to a village to collect details of local residents for Covid-19 vaccination. According to police, Geeta Singh (49) was assaulted on June 3 in Dumaria village while she was asking details about residents, who also tore an official notebook containing the particulars of people she had already met. A case has been lodged



at the Gulaharia police station against 10 named persons. No one has been arrested so far. Singh, posted at the Bhathat community health centre (CHC), said, "I had to prepare a report of local residents by collecting their Aadhaar and telephone numbers…I reached Chotte Lal's house and asked for the Aadhar number of all family members. "Soon after, Chotte Lal's son Pappu arrived and started abusing me for asking details. He told me no one in the family needs vaccination. Some women arrived, and when I again asked the family for their details, they pushed me and forcibly took my notebook." When contacted, Gulaharia police station SHO Vinod Kumar said an FIR has been lodged under various sections of the IPC and an investigation has begun.

# Twitter seeks more time from govt to comply with new IT rules : Report

**New Delhi, Agency.**

Social media platform Twitter is learnt to have approached the government seeking more time to comply with the new IT rules. According to sources, the micro-blogging site has said that it intends to comply with the rules but needs more time due to the pandemic situation in India. "Twitter has written to Meity seeking more time to comply with the IT rules. It has expressed its intent to comply with the rules but has been unable to do so because of the pandemic," a source told PTI. The response from Twitter comes after the government, last week, issued a strongly-worded final notice to the company regarding its non-compliance with the new rules. When contacted, a Twitter spokesperson said Twitter has been and remains deeply committed to India, and serving the vital public conversation taking place on the service.

" W e have assured the Government of India that Twitter is making every effort to comply with the new guidelines, and an overview on our progress has been



duly shared. We will continue our constructive dialogue with the Indian Government," the spokesperson said. In its notice, the Ministry of Electronics and Information Technology (MeitY) had said that Twitter's refusal to comply with the rules demonstrated the micro-blogging site's "lack of commitment and efforts towards providing a safe experience for the people of India on its platform". "Despite being operational in India for more than a decade, it is beyond belief that Twitter Inc has doggedly refused to create mechanism that will enable the

***■ Twitter seeks more time from govt to comply with new IT rules : Report***

people of India to resolve their issues on the platform in a timely and transparent manner and through fair processes, by India based, clearly identified resources," the ministry had said. The new IT rules for social media companies that came into effect last month mandate large platforms like Facebook and Twitter to undertake greater due diligence and make these digital platforms more accountable and responsible for the content hosted by them. The rules also require significant social media intermediaries providing services primarily in the nature of messaging to enable identification of the "first originator" of the information that undermines the sovereignty of India, the security of the state, or public order. Under the rules, significant social media intermediaries those with over 50 lakh users are required to appoint a grievance officer, a nodal officer and a chief compliance officer. These personnel have to be residents in India. Further, social media companies will have to take down flagged content within 36 hours, and remove within 24 hours content that is flagged for issues such as nudity and pornography. As per the ministry's notice, though with effect from May 26, 2021, "consequences follow" given Twitter's non-compliance with rules, "as a gesture of goodwill, Twitter Inc is hereby given one last notice to immediately comply with the rules, failing which the exemption from liability available" shall stand withdrawn and Twitter shall be liable for consequences as per the IT Act and other penal laws of India". However, the notice did not mention about a specific date for the micro-blogging site to comply with the rules. Non-compliance with the rules would result in these platforms losing their intermediary status that provides them immunity from liabilities over any third-party data hosted by them. In other words, they could be liable for criminal action in case of complaints.

# New Covid-19 vaccination guidelines out, allocation based on state population



**New Delhi, Agency.**

A day after Prime Minister Narendra Modi tweaked his government's Covid-19 vaccination policy and announced that states will receive free doses for inoculation of all above 18, revised guidelines for the same were released on Tuesday. The announcement came amid a chorus from states that the Centre should take over vaccine procurement, and probing questions recently from the Supreme Court. As per the revised guidelines, the Centre will buy 75 per cent of doses from vaccine makers, including 25 per cent of the state quota, and give it for free to state governments and union territories.

As the Prime Minister said in his Monday address, no state government will have to spend on vaccine procurement. However, the government has made it clear that the allocation of doses will depend on factors including the population of states and vaccine wastage. "Vaccine doses provided free of cost by the Government of India will be allocated to States/UTs based on criteria such as population, disease burden and the progress of vaccination. Wastage of vaccine will affect the allocation negatively," a notification read. Domestic vaccine manufacturers will be given the option to provide vaccines directly to private hospitals. And Private hospitals will be allowed to levy a maximum of Rs 150 as service charge. Also, states/UTs will be notified in advance of how many doses will be supplied to them. The government has said that the states should similarly allocate doses well in advance for districts and vaccination centers. "They should also put in the public domain the information about the above availability at district and vaccination center level, and widely disseminate it among the local population, maximizing the visibility and convenience of citizens," the guidelines

***■ Wastage of vaccine will affect the allocation negatively," a notification read. Domestic vaccine manufacturers will be given the option to provide vaccines directly to private hospitals.***

read. The guidelines state that the vaccination will be prioritized and will be administered to healthcare workers first followed by frontline workers, citizens more than 45 years of age, citizens whose second dose is due, and then to those above 18 years of age. As per the new rules, all citizens, irrespective of their income status, are entitled to free vaccination. Those who have the ability to pay are encouraged to use private hospital's vaccination centres, the government has said. On Monday, the Prime Minister had said that so far, crores of people have got the Covid vaccines free of cost and now people above the age of 18 will also be added to this category. Till date, India has administered about 23 crore doses. "The Government of India will provide free vaccines to all countrymen," he said. He said seven companies are producing different types of vaccines and trials of three more vaccines are in advanced stages. Trials for two vaccines for children and research on a nasal vaccine, he said, are underway. The shift in the vaccination policy comes after the Supreme Court raised questions about it and several states sought centralised procurement of vaccines. This comes at a time when states across the country are planning to ease lockdown restrictions considerably in the coming days.

## Madhya Pradesh govt gets HC notice on communal clashes during fundraising for Ram temple

**Bhopal, Agency.**

The Indore bench of the Madhya Pradesh High Court has issued a notice to the state government seeking its response in six weeks on the alleged negligence in curbing communal clashes in Ujjain, Indore and Mandsaur during the donation drive of funds for the construction of Ram temple in Ayodhya. The bench of Chief Justice Mohammad Rafiq and Justice Sujoy Paul was hearing a petition filed by Rajya Sabha MP and former chief minister Digvijay Singh in which he had moved court to issue directions to the state to enforce a Supreme Court ruling in cases of mob violence, communal violence and mob lynching. Additional advocate general for state Pushyamitra Bhargav was given six weeks to respond to file a counter to the petition after he stated that it was on the day of the hearing that he had received an advanced copy of the writ petition.

In his petition filed on behalf of Digvijay Singh, advocate Ravindra Singh Chhabra stated, "The Petitioner supports the pious work of construction of Shri Ram Mandir at Ayodhya, however the collection of funds/ donations must be voluntary and the members of minority community should not be coerced or threatened to pay donation for this pious purpose." It went on to elaborate that from December 2020, some organisations launched a fundraising campaign across Madhya Pradesh for the construction of the Ram Mandir in Ayodhya. These organisations in the guise of fund collection left behind a "trail of communal violence" and disturbed the communal harmony in the state, the petition stated. The petition highlighted that incidents in Indore, Ujjain and Mandsaur demonstrate that an attempt to spread communal violence had been made in a "premeditated manner by the organisers of these fund collection rallies" while the officials responsible to ensure 'law and order' had acted in a "negligent manner". It further added that officials in certain cases "witnessed the entire incident without taking any action against the wrongdoers". The chief secretary, the principal secretary (home), the DGP, the SPs of Ujjain, Indore and Mansaur, the Ujjain inspector general, and the collectors of Ujjain and Mansdaur were made respondents to the petition. The petition also requested



the court to issue directions for appropriate measures to be taken in cases of religious rallies to protect disturbance of public peace and breach of communal harmony. The petition was filed after two representations to the respondents in January and February did not yield any satisfactory response. "The respondents seem to be acting negligently and in recent times omission on their part to take proactive measures had resulted in the incidents of communal violence in Indore, Mandsaur and Ujjian," it noted. The petition pointed out that the first incident was reported in Ujjain on December 25 when around 10 rallies, in which Bharatiya Janata Party Yuwa Morcha (BJYM) and other organisations took part, were held for collecting funds for the Ram Mandir. The petition stated that the violence began after the rallies ended at Bharat Mata Mandir in Ujjain around 5-5.45 pm. "…some 50-60 motorcycles carrying 3 persons each with sticks, rods, sword, spear and flags started making rounds on the road adjacent to Begham Bagh area (minority dominated area). The persons on motorcycles in order to instigate the minority community started shouting slogans against the minority community. The whole exercise was to show dominance over the minority community. This led stone pelting and ensuing clashes in the area with the support of Police Officials in which many members of minority community were injured," it said. Similar incidents were reported from Indore, Dhar and Mandsaur. In Mandsaur's Dorana village, the members of the minority community in anticipation of violence had apprised the Mandsaur superintendent of police on December 28. "The minority population had to vacate the locality and run for their life as the locality was swarmed by a large gathering shouting communal slogans against the minority community, brandishing weapons, raiding a Masjid and vandalising a Minaret the next day on December 29, 2020. The police and administration personnel were hardly 50-60 in number despite knowing the strength of the number of unruly communal mobs targeting minority communities," the petition noted. In Indore, a rally organised at Chandankhede village on December 29 led to similar incidents of violence. The petition stated, "Most of the members were carrying swords, sticks, firearms and other weapons underthe leadership of Ex-MLA Manoj Choudhary. This was happening in presence of police and administrative personnel. A demolition was made by the miscreants from the rally, damage was done to residential houses belonging to minority community, accompanied with incidents of dacoity and robbery.

A large number of vehicles were burned. Unfortunately, the Government and police officials made the residents of minority locality leave the area but did little to stop the unruly rally. Members of minority community were attacked with the intention to lynch." According to the petition, a delegation of aggrieved persons from Indore, Ujjain and Mandsaur belonging to minority community had approached Digivijay Singh in Bhopal in the first week of January 2021. Singh subsequently submitted a representation to principal secretary (home) demanding an inquiry and had also written to the DGP of MP but no action was taken.

# Rights of Mehul Choksi will be respected, courts will decide future course : Dominica PM

**New Delhi, Agency.**

Dominica Prime Minister Roosevelt Skerrit said the rights of "Indian citizen" Mehul Choksi will be respected and courts will decide on the future course of action. In a first public statement since Choksi, wanted in a Rs 13,500-crore bank fraud case in India, was held in the Caribbean island country after his disappearance from Antigua and Barbuda on May 23, Skerrit said, "The rights of Mehul Choski will be respected." The statement reported by local media outlet 'natureisle' quoted the Prime Minister as saying that court will decide what happens to Choksi next. "The matter with this Indian citizen is before the courts.

The courts will decide what happens to the gentleman and we will allow the court process to go through. I do not like to get involved by making public statements in these matters," Skerrit said. "His rights will be respected as has been done thus far and let the court decide what will happen. We have no issues in so far as the matter relates to Antigua and or India, we are part of our own community and we must



recognize our duties and responsibilities in this regard," he was quoted by the website. Choksi had mysteriously gone missing on May 23 from Antigua and Barbuda where he has been staying since 2018 as a citizen.

He was detained in neighbouring island country Dominica for illegal entry after a possible romantic escapade with his rumoured girlfriend. His lawyers alleged that he was kidnapped from Jolly Harbour in Antigua by policemen looking like Antiguan and Indian and brought to Dominica on a boat. He was also brought before

***■ In a first public statement since Choksi, wanted in a Rs 13,500-crore bank fraud case in India, was held in the Caribbean island country after his disappearance from Antigua and Barbuda on May 23, Roosevelt Skerrit said, "The rights of Mehul Choski will be respected."***

a Roseau magistrate, on the orders of Dominica High Court, which is hearing a Habeas Corpus petition filed by his lawyers, to answer charges of illegal entry where he pleaded not guilty but was denied bail. A team of Indian officials had gone to Dominica to try deportation of Choksi, having pending Interpol Red Corner Notice, but returned after High Court adjourned the matter.

## CISF to provide security to Bharat Biotech lab at Hyderabad

**New Delhi.Agency**

A day after the Prime Minister Narendra Modi's announcement for vaccination to all above 18 years age in the country, th Centre on Tuesday decide to accord specialized secu rity cover to the one of th largest vaccine manufactur ing lab Bharat Biotech a Hyderabad.This company also one of the majo COVID-19 vaccine manufac turers in the country, ha been given security follow ing a review meeting of th security experts in th Ministry of Home Affair (MHA) and accordingly th CISF has been directed t prepare accordingly.

According to the offi cial sources, Bhara Biotech's registered offic and plant located in th Shameerpet area c

Hyderabad will be secured by "a team of 64 armed personnel of the paramilitary force". For this purpose the

a survey. A CISF official said, the force "will be inducted at the facility, which manufactures Covaxin, on June 14".


**T T LIMITED**

(CIN NO.-L18101DL1978PLC009241)

879, MASTER PRITHVI NATH MARG, OPP: AJMAL KHAN PARK, KAROL BAGH, NEW DELHI – 110 005, INDIA TEL: 0091 11 45060708

EMAIL: newdelhi@ttlimited.co.in, WEBSITE: http://www.ttlimited.co.in

**NOTICE**

Notice is hereby given in compliance with the Regulations 29 and 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations 2015, that a Meeting of the Board of Directors of the Company will be held on **Wednesday, June 30, 2021 at 3:00 P.M.** through audio visual means of communication to, inter alia, consider and approve inter-alia, Audited Financial Results of the Company for the fourth quarter and year ended 31st March, 2021.

This intimation is also available on the website company (www.ttlimited.co.in) and NSE Limited (www.nseindia.com) and BSE Limited (www.bseindia.com) where the Company's shares are listed.

By order of the Board

Sd/-

Sumit Jindal

Company Secretary

ACS-24995

Place: New Delhi

Date: 08.06.2021

# आधार कार्ड कूपन के नाम पर गरीबों को केजरीवाल राशन के लिए भटकाना बंद करे : अनिल कुमार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री केजरीवाल की लगातार मुफ्त वैक्सीन और राशन देने घोषणाऐं करके देश और दिल्ली के लोगों को गुमराह कर रहे हैं, जबकि दोनो ने लोगों को मुफ्त वैक्सीनेशन का वायदा किया था परंतु आज देश में जरुरत के मुताबित पर्याप्त मात्रा में वैक्सीनेशन तक उपलब्ध नही है।



चौ0 अनिल कुमार ने अरविन्द सरकार से मांग की कि दिल्ली के सभी लोगों को मुफ्त वैक्सीनेशन के साथ-साथ प्राईवेट अस्पतालों में वैक्सीन लगवाने वाले लोगों को देय राशि केजरीवाल सरकार वापस करें तथा 54 लाख राशन कार्ड आवेदकों के नए राशन कार्ड तत्काल प्रभाव से बनाए और सभी कोरोना यौद्धाओं को 1 करोड़ की सम्मान राशि दी जाए। प्रदेश अध्यक्ष ने यह बयान प्रदेश कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में दिया। संवाददाता सम्मेलन में प्रदेश उपाध्यक्ष जय किशन, अभिषेक दत्त और अली मेंहदी मौजूद थे। संवाददाताओं को सम्बोधित करते हुए चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि राहुल गांधी जी ने कोविड-19 की शुरुआत में ही केन्द्र सरकार को सचेत किया था परंतु केन्द्र सरकार ने उनके सुझाव समय से नही माने तथा मोदी जी की हठधर्मिता के कारण देश भारी नुकसान भुगत रहा है। लेकिन बाद में राहुल गांधी के सुझावों पर चल कर ही महामारी पर काबू पाया जा सका है। राहुल गांधी जी द्वारा वैक्सीन के निर्यात पर रोक लगाने, कम्पनियों को वैक्सीन का समय आर्डर करने के सुझाव यदि केन्द्र सरकार मान लेती तो देश भारी संकट से नही जूझता। उन्होंने कहा कि समय दर समय राहुल जी की हर बात सच हुई।

चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा राज्यों 25 प्रतिशत का वैक्सीनेशन खरीदने का कोटा खत्म कर सभी राज्यां को 75 प्रतिशत वैक्सीन मुफ्त देने की घोषणा पर उन्होंने मांग की 25 प्रतिशत प्राईवेट वैक्सीनेशन का कोटा खत्म करके सरकार अपने अधिकार में ले और सभी को मुफ्त वैक्सीन लगे। उन्होंने कहा कि जीवन रक्षक कोविड वैक्सीन पर 100 प्रतिशत निशुल्क मिलनी चाहिए। चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि राहुल गांधी ने न्याय योजना के अंतर्गत देशवासियों को सीधे उनके खाते में राशि डालने का सुझाव दिया है। केजरीवाल सरकार योजना का नाम बदलकर न्याय योजना की तर्ज पर केवल ऑटो-टैक्सी वालों के खातों में पैसा दे रहे है, जबकि इस आपदा में आर्थिक संकट झेल रहे सभी लोगों के खाते में तत्काल 10000 रुपये की केजरीवाल को सहायता राशि देनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि केजरीवाल की राशन वितरण की घोषणा की हम सभी को राशन देंगे, पूरी तरह खोखली घोषणा साबित होगी क्योंकि अभी तक लोगों को आर्थिक सहायता, कोविड महामारी के नियंत्रण सहित सभी को निशुल्क वैक्सीनेशन देने की घोषणा का परिणाम दिल्लीवासियों के सामने है। चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री केजरीवाल दोनो लोगों को मुफ्त वैक्सीनेशन देने के नाम पर कोरी राजनीति कर रहे है, यदि समय रहते लोगों को वैक्सीन लग जाती तो इतनी बड़ी संख्या में कोविड के कारण लोगों की मौत नही होती। चौ0 अनिल कुमार ने कहा दिल्ली कांग्रेस दिल्ली के लोगों को मुफ्त वैक्सीन दिलाने और लोगों के अधिकारों की लड़ाई लड़ती रहेगी। उन्होंने कहा कि मुफ्त वैक्सीनेशन की मांग करने पर कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं पर कोविड प्रोटोकॉल के तहत दिल्ली पुलिस एफआईआर करती है परंतु भाजपा और आम आदमी के नेताओं के खिलाफ कोई कार्यवाही नही होती जबकि वे सैंकड़ों की संख्या में प्रदर्शन करते है। उन्होंने कहा कि मिलीभगत नही चलेगी। उन्होंने सवाल किया कि क्या कॉमनवैल्थ खेल गांव जो भारत सरकार के शहरी विकास मंत्रालय की जमीन पर है उपराज्यपाल वैक्सीनेशन केन्द्र खोलने की अनुमति दी थी जहां प्राईवेट वैक्सीनेशन केन्द्र खोलकर उसका उद्घाटन दिल्ली के उपमुख्यमंत्री करते है, आखिर इनका यह रिश्ता समझ से परे है। चौ0 अनिल कुमार ने मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल द्वारा जहां वोट वहीं वैक्सीन के बयान पर संदेह जताते हुए कहा कि केजरीवाल बूथ स्तर पर वैक्सीनेशन की घोषणा किस आधार पर कर रहे है जबकि अनेक स्कूलों में तो राशन वितरण का कार्यक्रम चल रहा है, तो सरकार राशन वितरण का काम स्कूलों में बंद कर वैक्सी का कार्य करेंगे। उन्होंने मांग की कि वे अपने लगभग 450 मौहल्ला क्लीनिकों पर वैक्सीनेश कार्यक्रम की शुरुआत क्यों नही करते। उन्हांने कहा कि केजरीवाल प्रतिदिन नई घोषणाओं के द्वारा केवल दिल्ली के लोगों को भ्रमित कर रहे है, परंतु दिल्ली कांग्रेस की मुफ्त वैक्सीनेशन की मांग मुख्यमंत्री और उपराज्यपाल से निरंतर करती रहेगी। प्रदेश उपाध्यक्ष अभिषेक दत्त ने कहा कि मुख्यमंत्री केजरीवाल ड्यूटी के दौरान मरने वाले कोरोना योद्धाओं को सम्मान राशि देने में दोहरा मापदंड अपना रहे है।

उन्होंने कहा कि निगम में काम करने वाले सफाई सैनिक जब कोविड काल में अपनी ड्यूटी निभाते हुए मर रहे हैं जिनमें से सफाई कर्मियों को मुख्यमंत्री ने यह कहकर केस निरस्त कर दिया कि हम दिल्ली सरकार के कर्मचारियों को सहायता राशि देंगे, जबकि उन्होंने सभी कोरोना योद्धाओं को 1 करोड़ की सम्मान राशि देने का वायदा किया था। अभिषेक दत्त ने कहा कि कोविड काल में शमशान भूमि में काम करने वाले 4 लोगों की कोविड से मृत्यु होने के मामले सामने आए है। उन्होंने कहा कि निगम कर्मचारी, दिल्ली पुलिस, शिक्षा विभाग और डाक्टर जिनकी कोविड से मृत्यु हुई है क्या केजरीवाल इन्हें कोरोना योद्धा सम्मान राशि का हकदार नही मानते।

## एक नज़र

### दिल्ली नगर निगम चुनाव : भाजपा के मेयर और डिप्टी मेयर पद के उम्मीदवारों के नाम की लिस्ट जारी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने मंगलवार को दिल्ली नगर निगम चुनावों के लिए मेयर और डिप्टी मेयर सहित अन्य पदों के लिए पार्टी के उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। गुप्ता ने एक ट्वीट में कहा कि राजा इकबाल सिंह, मुकेश सूर्यन और श्याम सुंदर अग्रवाल क्रमशः उत्तर, दक्षिण और पूर्वी निगमों के मेयर पद के लिए उम्मीदवार हैं। वहीं, डिप्टी मेयर पद के लिए उम्मीदवारों में उत्तरी दिल्ली से अर्चना दिलीप सिंह, दक्षिणी दिल्ली से पवन शर्मा और पूर्वी दिल्ली नगर निगम के लिए किरण वैध के नाम शामिल हैं।

इसके साथ ही तीनों नगर निगमों में स्थायी समितियों के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के अलावा नेता सदन के नामों की भी घोषणा कर दी गई है। आदेश गुप्ता द्वारा ट्वीट की गई लिस्ट के अनुसार, उत्तर, दक्षिण और पूर्व की स्थायी समिति अध्यक्ष पद के लिए उम्मीदवार क्रमशः जोगी राम जैन, कर्नल (सेवानिवृत्त) बीके ओबरॉय और वीर सिंह पंवार हैं और वहीं विजय कुमार भगत (एनडीएमसी), पूनम भाटी हैं (एसडीएमसी) और दीपक मल्होत्रा (ईडीएमसी) को उपाध्यक्ष पद का उम्मीदवार बनाया गया है।

सूची के अनुसार, नेता सदन के लिए घोषित उम्मीदवारों में छैल बिहारी गोस्वामी (एनडीएमसी), इंद्रजीत सेहरावत (एसडीएमसी) और सत्यपाल सिंह (ईडीएमसी) हैं। गौरतलब है कि दिल्ली की तीनों नगर निगमों के महापौर एक ही दिन में बदल जाएंगे। महापौर पद के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की आज अंतिम तिथि है। अप्रैल माह के अंतिम सप्ताह में होने वाले महापौर पद के चुनाव कोरोना की दूसरी लहर और लॉकडाउन की वजह से टलते आ रहे थे। अभ चुनाव 16 जून को होने हैं।

### दिल्ली में समय से पहले पहुंच सकता है मानसून, फिलहाल गर्मी से राहत के आसार नहीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पिछले साल की तुलना में इस बार मानसून की गति बेहद तेज बताई जा रही है। मौसम विभाग का कहना है कि यदि मॉनसून इसी रफ्तार से आगे बढ़ता रहा तो, दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत को जल्द ही तेज गर्मी से राहत मिल सकती है। हालांकि इस हफ्ते उत्तर-पश्चिम भारत में ज्यादातर जगहों पर कड़ी धूप रहेगी जिससे अधिकतम तापमान बढ़ने की संभावना है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के मुताबिक, दक्षिण-पश्चिम मॉनसून पूर्वी भारत और उत्तरी प्रायद्वीप के बाकी तरफ बढ़ रहा है। जल्द ही यह बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश तक पहुंच जाएगा।

आईएमडी को उम्मीद है कि मॉनसून उम्मीद से ज्यादा तेज रफ्तार से आगे बढ़ रहा है। यही स्थिति रही तो तय समय से पहले ही दिल्ली पहुंच सकता है। सामान्य रूप से मॉनसून की जून के आखरी दिनों में दिल्ली में पहुंचता है। लेकिन इस बार 13-14 जून तक पश्चिमी उत्तर प्रदेश के हिस्सों तक मॉनसून पहुंचने की संभावना बन रही है। हलांकि आईएमडी ने आने वाले 5 दिनों का जो मौसम बुलेटिन जारी किया है, उसमें दिल्ली-एनसीआर को गर्मी से राहत मिलती नहीं दिख रही। 11 जून तक आसमान साफ रहने के साथ-साथ 20 से 30 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से हवाएं चलने का अनुमान है। इस दौरान अधिकतम तापमान 41 डिग्री तक पहुंच सकता है जबकि न्यूनतम तापमान 26-28 डिग्री के बीच रहेगा।

रविवार (13 जून) से मौसम में बदलाव की संभावना है। मौसम विभाग ने 13 और 14 जून को गरज के साथ बारिश का अनुमान लगाया है। उल्लेखनीय है कि केरल के बाद महाराष्ट्र में मानसून ने दस्तक दे दी है। भारत के पूर्वोत्तर राज्यों उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम के अधिकांश हिस्सों में यह आगे बढ़ गया है। अगले 48 घंटों में ये उत्तर पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों में भारी बारिश के साथ-साथ 8 से 10 जून के दौरान तेज हवाएं चलने की संभावना है।आईएमडी की मानें राजस्थान और उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में तेज हवाएं चलने के अलावा बारिश हो सकती है।

### दिल्ली में 90 दिन बाद सबसे कम 316 नए केस मिले, 521 हुए रिकवर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राजधानी दिल्ली में कोरोना का असर अब बेहद कम हो चुका है। दिल्ली में 90 दिनों के बाद पिछले 24 घंटों में कोरोना के सबसे कम 316 नए मामले सामने आए हैं। इसी दौरान 41 संक्रमितों की जान गई तो वहीं, 521 लोगों ने कोरोना को मात दी है। इसके साथ ही राजधानी में अब रिकवरी रेट 97.92 फीसदी हो चुकी है।

वहीं, पिछले 24 घंटे के दौरान पाजिटिविटी रेट 0.44 फीसदी रही। मंगलवार को जारी हुए हेल्थ बुलेटिंग के मुताबिक दिल्ली में एक्टिव मरीजों की संख्या लगातार गिरावट जारी है। इस समय दिल्ली में एक्टिव मरीजों की संख्या घटकर 4,962 हो गई है। दिल्ली में अभी तक 14,29,791 लोग कोरोना से संक्रमित हो चुके हैं, इनमें से 14,00,161 मरीज ठीक हो चुके हैं, जबकि 24,668 मरीजों ने कोरोना के कारण दम तोड़ दिया।

दिल्ली में कोरोना से मृत्युदर 1.73 फीसदी है। स्वास्थ विभाग के अनुसार, दिल्ली के विभिन्न अस्पतालों में 2613 मरीज भर्ती हैं। वहीं कोविड केयर सेंटर में 138 और कोविड मेडिकल सेंटर में 100 मरीज भर्ती हैं। इसके अलावा होम आइसोलेशन में 1795 मरीज हैं। दिल्ली में 24 घंटों में कोरोना जांच के लिए 71879 टेस्ट हुए, जिसमें 0.44 फीसदी मरीज कोरोना संक्रमित पाए गए। आरटीपीसीआर से 48,574 और रैपिड एंटीजन से 23,305 जांच की गई। दिल्ली में अभी तक 1,98,93,804 जांच हो चुकी है। दिल्ली में घटते मामलों के साथ हॉटस्पॉट की संख्या भी घटकर 11094 हो गई है।



*जिला उपाध्यक्ष धीरज सिंह राजपूत यूवा मोर्चा मेहरौली के सहयोग से सेवा ही संगठन में ज़रूरतमंद लोगों को नि शुल्क भोजन वितरण किया गया।* *छाया : ओपन सर्च*

## दिल्ली कमेटी की धार्मिक अवज्ञा पर जागो ने की क्षमा याचना की अरदास

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब के कोविड सेंटर में फिल्मी गीत बजाने के कारण मर्यादा की उड़ी धज्जियों के पश्चाताप के लिए आज जागो पार्टी के द्वारा समूह संगतों के सहयोग से क्षमा याचना की अरदास की गई।

गुरु तेग बहादर साहिब जी के चरणों में चौपई साहिब व आनंद साहिब की बाणी का पाठ करने के बाद जागो के प्रदेश अध्यक्ष तथा दिल्ली कमेटी सदस्य चमन सिंह के द्वारा अरदास की गई। जागो पार्टी के अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष मनजीत सिंह जीके ने अरदास के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि गुरु तेग बहादर साहिब जी के चरणों में हमने अरदास की है कि मर्यादा से अनजान प्रबंधकों को गुरु साहिब अक्ल बख्शें और हुए उनके गुनाहों को माफ करें। जीके ने दावा किया कि यह सीधे तौर पर गुरबाणी को फिल्म गीतों से छोटा दिखाने की दिल्ली कमेटी प्रबंधकों की साजिश के नाकाम होने के बाद जरुरी था कि इस बड़े गुनाह की क्षमा याचना गुरु साहिब के चरणों में की जाए। हमारे लिए गुरु साहिब, मर्यादा और गुरबाणी सर्वोच्च है। लेकिन हमें अरदास करने से रोकने के लिए व्याकुल अकाली समर्थकों ने सोशल मीडिया पर धमकी और बदमाशी भरें संदेश कल देर रात तक खूब चलाए, ताकि हम अरदास करने का फैसला वापस ले लें।

जीके ने कहा कि अरदास करने का फैसला वापस लेने का मतलब ही नहीं था, इसलिए मैंने अपने साथियों को गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब में साफ कह दिया था कि हम मर्यादा बचाने आए हैं, तोड़ने नहीं, सब अनुशासन में रहेंगे और किसी के उकसावे में नहीं आएंगे। जीके ने सभी का अनुशासन में रहने पर धन्यवाद करते हुए कहा कि सभी साथियों ने वर्किंग-डे और तपती गर्मी होने के बावजूद धार्मिक मर्यादा के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने को अनुशासन में रहकर प्राथमिकता दी है और साबित किया कि हमारा हुल्लड़बाजी में विश्वास नहीं है।बदमाशी पर उतरे बादलों के बेसमझों को नसीहत देते हुए जीके ने कहा कि डरते क्यों हो, घबराते क्यों हो, दुनिया भर के इल्जाम मेरे पर लगा दिए, पर मैंने तो किसी का कैमरा नहीं छीना ? मुकाबला करो, क्योंकि तुमने गुरुद्वारा कमेटी की चौधराहट हथियाई हैं, आज अगर तुमने हथियाई है, तो जवाबदेही भी तुम्हारी है।

जीके ने सोमवार को कमेटी दफ्तर में मीडिया कर्मियों के साथ स्टाफ द्वारा की गई बदमाशी की निंदा करते हुए कहा कि गुरु तेग बहादर साहिब जी ने धर्म की आजादी के लिए अपनी शहादत दी थी, पर यह मीडिया की आजादी छीनने को अपना अधिकार समझ रहे हैं। मेरे खिलाफ इतना बुरा-भला मीडिया ने छापा, पर हमने कभी किसी के कैमरों को छीनकर बदमाशी नहीं की।

## अधिकारी घर-घर जाकर लाडली योजना के लंबित मामलों का जल्द निस्तारण करें : राजेन्द्र पाल गौतम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** महिला एवं बाल विकास और समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत वित्तीय सहायता एवं पेंशन योजनाओं के सभी लंबित मामलों का जल्द से जल्द निस्तारण होगा और सभी प्रकार की अनियमितताओं को दूर किया जाएगा। यह निर्णय दिल्ली सरकार के समाज कल्याण और महिला एवं बाल विकास मंत्री राजेंद्र पाल गौतम की अध्यक्षता में दोनों विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ हुई बैठक में लिया गया।



महिला एवं बाल विकास मंत्री श्री राजेन्द्र पाल गौतम ने सभी वित्तीय सहायता योजनाओं और पेंशन योजनाओं की बारीकी से समीक्षा की और अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी स्कीम के तहत लंबित मामलों को तुरंत खत्म किया जाए। उन्होंने कहा कि 'दिल्ली लाडली' योजना के अंतर्गत जो परिवार योजना के तहत परिपक्वता लाभ लेने के लिए आगे नहीं आ रहे हैं, अधिकारी उनके घर-घर जाकर बारीकी से जांच-पड़ताल कर मामले का निस्तारण करें। अधिकारियों ने बताया कि इस योजना के तहत अखबारों में बार-बार सार्वजनिक नोटिस देने के बाद भी लाभार्थी योजना का मैच्योरिटी लाभ लेने के लिए आगे नहीं आ रहे हैं। समाज कल्याण मंत्री ने महिलाओं को दी जा रही विभिन्न पेंशन योजनाओं के लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर सभी जिलों के लंबित मामले निपटाने के आदेश दिए।

मंत्री राजेन्द्र पाल गौतम ने कहा कि विभाग संबंधित बैंक से जीवन प्रमाण पत्र लेने की प्रक्रिया भी व्यवस्थित करें, ताकि असल लाभार्थियों को लाभ मिल पाए और धोखाधड़ी करने वालों से जनता के पैसे को सुरक्षित रखा जा सके। लंबित मामलों के त्वरित निस्तारण के लिए लाभार्थियों से संपर्क करके जरूरी दस्तावेज और कागजात लेकर मामले का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए।

मंत्री राजेंद्र पाल गौतम अपने दोनों विभागों की विभिन्न पेंशन और आर्थिक सहायता योजनाओं को सुचारू और व्यवस्थित रूप से लाभार्थियों तक पहुंचाने के लिए लगातार अधिकारियों को निर्देश जारी कर हर प्रकार की अनियमितताओं को

## मुखिया, प्रमुख और जिला परिषद अध्यक्ष ही होंगे परामर्शी समिति के अध्यक्ष : सम्राट चौधरी

**ओपन सर्च ब्यूरो**

**नई दिल्ली/पटना।** बिहार राज्य में वर्ष 2016 में गठित त्रि-स्तरीय पंचायती राज संस्थाएं और ग्राम कचहरियां आगामी 15 जून के बाद भंग हो जाएंगी। पंचायती राज मंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि इसके बाद भी पंचायत और ग्राम कचहरी के निर्वाचित प्रतिनिधि पूर्व की तरह काम करेंगे, पर इनका पदनाम बदल जाएगा। उन्होंने कहा कि 16 जून से ये सभी प्रतिनिधि बतौर परामर्शी समिति अध्यक्ष और सदस्य के रूप में काम करेंगे। इसको लेकर पंचायती राज विभाग ने परामर्शी समिति के गठन का प्रस्ताव तैयार कर लिया है। मंत्री श्री चौधरी ने यह भी बताया कि 16 जून से मुखिया संबंधित ग्राम पंचायत की परामर्श समिति के अध्यक्ष कहलाएंगे। वहीं, उप मुखिया उपाध्यक्ष एवं ग्राम पंचायत सदस्य (वार्ड सदस्य), सदस्य कहलाएंगे। इसी प्रकार, सरपंच संबंधित ग्राम कचहरी की परामर्श समिति के अध्यक्ष कहलाएंगे। वहीं, उप सरपंच, उपाध्यक्ष एवं पंच, सदस्य कहलाएंगे। इसी प्रकार, पंचायत समिति प्रमुख, संबंधित पंचायत समिति की परामर्श समिति के अध्यक्ष कहलाएंगे। वहीं, उप प्रमुख उपाध्यक्ष एवं पंचायत समिति सदस्य, सदस्य कहलाएंगे। इसके अलावा, पंचायत समिति के सभी कार्यक्षेत्र के विधानसभा, विधानपरिषद, लोकसभा एवं राज्यसभा के निर्वाचित सदस्य भी समिति के सदस्य होंगे। समिति के कार्यक्षेत्र के सभी ग्राम पंचायतों के परामर्शी के अध्यक्ष भी इसके सदस्य होंगे। इसके अलावा, जिला परिषद अध्यक्ष, संबंधित जिला परिषद की परामर्श समिति के अध्यक्ष कहलाएंगे। वहीं, उप-जिला परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं जिला परिषद के सदस्य, सदस्य कहलाएंगे। इसके अलावा, जिला परिषद के कार्यक्षेत्र के विधानसभा, विधानपरिषद, लोकसभा एवं राज्यसभा के निर्वाचित सदस्य भी परामर्शी समिति के सदस्य होंगे। जिला परिषद के कार्यक्षेत्र के सभी पंचायत समिति के परामर्शी समिति के अध्यक्ष भी इसके सदस्य होंगे। कार्यपालक पदाधिकारी की भूमिका प्रखंड विकास पदाधिकारी की होंगी। मंत्री श्री चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस दौरान निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों के वेतन एवं भत्ता भी मिलता रहेगा। यह व्यवस्था आगामी चुनाव के बाद त्रि-स्तरीय पंचायत के गठन तक जारी रहेगी।

## उत्तर प्रदेश में मदरसा छात्र जीशान और मजदूर कामिल और शहजाद को धार्मिक नारे नहीं लगाने पर पीटा गया

**जमीयत उलेमा-ए-हिंद के एक प्रतिनिधिमंडल ने प्रभावित व्यक्तियों से मुलाकात की और मुजरिमों के खिलाफजिला प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की। भारत जैसे महान लोकतंत्र में धर्म के आधार पर राहगीरों पर हमला बहुत चिंता का विषय है: मौलाना महमूद मदनी, अध्यक्ष जमीयत उलेमा-ए-हिंद**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जमीयत-ए-हिंद के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज गाजियाबाद, मसूरी के एक मदरसे के छात्र जीशान और महली निवासी राजमिस्त्री कामिल और शहजाद से मुलाकात की. इन लोगों को अलग अलग घटना में दतौड़ी एसएस पब्लिक के पास मौजूद कुछ असामाजिक तत्व ने धार्मिक घृणा के आधार पर बेरहमी से पीटा था। घटना 04 जून की है। जमीयत उलेमा-ए-हिंद का एक प्रतिनिधिमंडल जिसमें महासचिव मौलाना हकीमुद्दीन कासमी, मौलाना गयूर अहमद कासमी और हापुड़ के मौलाना इफ्तिखार अहमद कासमी, मुफ्ती असजद आबिदी बुलंद शाहरी, चौधरी अतहर जीवन नरसिंह होम, मौलाना मुस्तफा नाहल, सरवरी साहब नाहली और प्रधान कामिल शामिल थे उन्होंने आज जीशान, कामिल और शहजाद से उनके घरों पर जाकर मुलाकात की और संबंधित अधिकारियों से तत्काल सजा की मांग की। ऐसी घटनाएं किसी भी सभ्य समाज के लिए घृणित हैं। जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना



महमूद मदनी साहब ने बार-बार कहा है कि भारत जैसे महान लोकतांत्रिक देश में इस तरह की घटनाएं बहुत दुर्भाग्यपूर्ण हैं और रास्ता गुजरने वालों को धार्मिक नारे लगाने के लिए मजबूर करना शर्म की बात है। जमीयत उलेमा-ए-हिंद के पास पीड़ितों की एफआईआर की कॉपी और उसकी ओर से एक याचिका है। उसके मुताबिक जीशान फैजुल उलूम मदरसा का छात्र है। वह जैसे ही वह दतौरी एसएस पब्लिक स्कूल के पास पहुंचा, दस लोग बगीचे से बाहर आकर उसे रुकने को कहा और फिर उसे जे श्री राम के नारे लगाने को कहा। मना करने पर उस पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। इसी बीच फरीद नगर से एक ऑटोरिक्शा को आते देखा गया, तो ये शरारती तत्व वहां से भाग गए। किसी तरह यह छात्र भी वहां से भागने में सफल रहा, लेकिन वह बुरी तरह घायल हो गया था। वह घंटों बिस्तर पर लेटा तड़पता रहा।

इसी तरह की घटना भोजपुर के माहली थाना निवासी नुसरत पुत्र शहजाद के साथ हुई, जो प्रतिदिन अपने साथी कामिल पुत्र अमरीन के साथ पत्थर के काम के लिए इस स्थान से गुजरता था। उसमें छिपे दस-बारह लोगों ने उस पर लाठियों से हमला कर दिया। दोनों ने पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराई है, जिसके आधार पर कुछ लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

## विधायक पंकज सिंह ने एलिवेटेड रोड का किया निरीक्षण

**नोएडा (एजेंसी)।** विधायक पंकज सिंह ने आज आगाहपुर गांव के पास बन रहे एलिवेटेड रोड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के पश्चात उन्होंने एलिवेटेड रोड के निर्माण कार्य की प्रगति पर

वर्ष 2022 तक इसे जनता को समर्पित कर दिया जाएगा।

इस दौरान उन्होंने कार्य में लगे मजदूरों से बातचीत कर उनका हाल-चाल भी जाना। विधायक पंकज सिंह आज सुबह आगाहपुर गांव के पास

**T T LIMITED**
(CIN NO.-L18101DL1978PLC009241)
879, MASTER PRITHVI NATH MARG, OPP: AJMAL KHAN PARK, KAROL BAGH, NEW DELHI – 110 005, INDIA TEL: 0091 11 45060708
EMAIL: newdelhi@ttlimited.co.in, WEBSITE: http://www.ttlimited.co.in

**NOTICE**

Notice is hereby given in compliance with the Regulations 29 and 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations 2015, that a Meeting of the Board of Directors of the Company will be held on **Wednesday, June 30, 2021 at 3:00 P.M.** through audio visual means of communication to, inter alia, consider and approve inter-alia, Audited Financial Results of the Company for the fourth quarter and year ended 31st March, 2021.

This intimation is also available on the website company www.ttlimited.co.in) and NSE Limited (www.nseindia.com) and BSE Limited (www.bseindia.com) where the Company's shares are listed.

By order of the Board
Sd/-
Sumit Jindal
Company Secretary
ACS-24995

Place: New Delhi
Date: 08.06.2021